इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ



आप सभी को दीप, खुशहाली और मां लक्ष्मीजी की पूजा का पर्व

दीपावली की शुभकामनाएं

youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, रविवार, 08 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 52, पृष्ठ: 12, मूल्य: 5:00 रूपए

DP 86 GOLDEN YEARS Since 1940

DP

डी.पी. ज्वेलर्स के साथ मिलेगी
रतलाम की स्वर्ण शुद्धता और 35 लाख ग्राहकों का भरोसा

दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

DP

DP APP

Available on >>> Google Play App Store

D.P. Jewellers

A BOND OF TRUST SINCE 1940

A VENTURE OF D. P. ABHUSHAN LTD.

Scan for Contact

स्टोर्स लोकेशन्स ✦ रतलाम ✦ इन्दौर ✦ भोपाल ✦ उज्जैन ✦ नीमच ✦ धार ✦ जबलपुर ✦ उदयपुर ✦ भीलवाड़ा ✦ कोटा ✦ बांसवाड़ा ✦ अजमेर ✦ दाहोद
✦ अतिशीघ्र जोधपुर (राजस्थान) में भी ✦ Customer Support: 1800 202 0339

deepak

A Creation by Archit Arvind Dangi - Vision - Neeta Publicity - Neeta House Ratlam (M.P.) India 70004-72361, 94251-03025

डी पी आभूषण लिमिटेड के प्रथम फ्रेंचाइज़ी शोरूम का जबलपुर में भव्य शुभारंभ

अरविंद डांगी

इंदौर। मध्य भारत के सबसे विश्वसनीय ब्रांड डी पी ज्वेलर्स का शुभारंभ महाराष्ट्र हाई स्कूल के पास, न्यू सराफा, राईट टाउन ,जबलपुर पर सम्पन हुआ। इस अवसर पर डीपी ज्वैलर्स फाउंडर श्री रतनलाल कटारिया, डायरेक्टर अनिल कटारिया,विकास कटारिया, डी पी ज्वेलर्स जबलपुर के फ्रेंचाइज़ी ऑनर मनोज खण्डेलवाल व डी पी परिवार के सदस्यगण उपथिस्त रहें। डी पी ज्वेलर्स की यह उपलब्धि मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात में निरंतर विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात के 12 शहरों में अपनी सफल स्वर्णिम यात्रा के बाद संस्कारधानी, माँ नर्मदा की पावन धरा जबलपुर में यहां डी पी ज्वेलर्स का 14 वा शोरूम है।





डी पी ज्वेलर्स के प्रथम फ्रेंचाइज़ी ऑनर श्री मनोज खण्डेलवाल ने बताया की यह शोरूम ग्राहकों की पसंद, सहूलियत को ध्यान में रखते हुए और बड़ी संख्या में ग्राहकों से मिले फीडबैक के आधार पर बनाया गया है। यहां अधिक स्पेस, पारम्पर्रिक के साथ मॉडर्न और अपडेटेड फैशन ज्वेलरी कलेक्शन, कम समय में ज्वेलरी शॉपिंग, फैमिली के साथ इत्मीनान से शॉपिंग, एक्सपर्ट एडवाइस के साथ अद्भुत शॉपिंग अनुभव लिया जा सकता है। शुभारंभ के अवसर पर डीपी ज्वैलर्स के फाउंडर श्री रतनलाल कटारिया ने बताया हम अपनी 86 साल पुरानी, रतलाम की शुद्धता की विरासत के साथ अपना 14 वां शोरूम जबलपुर में खोला है मध्य प्रदेश, राजस्थान,गुजरात राज्य में हमारे 13 शोरूम सफ़लतपूर्वक चल रहे है। रतलाम से शुरू हुए डी. पी. ज्वेलर्स के स्वर्णिम सफर से आज 35 लाख से अधिक परिवार खुशी-खुशी जुड़ चुके हैं। इसकी नींव 86 वर्षों पूर्व सन् 1940 में स्व. धूलचन्दजी कटारिया ने रखी। उनके द्वारा शुरू की गई इस परम्परा को परिवार की प्रत्येक पीढ़ी ने बड़ी खूबसूरती से संभाला। स्वर्ण नगरी रतलाम में शुरुआती दौर में, हमारे पूर्वज स्व. धूलचंदजी कटारिया ने स्थानीय आभूषण बाजारों में जटिलताओं को करीब से समझा। शुद्धता के प्रति ग्राहकों को जागरूक करने का संकल्प लिया और उन्होंने हॉलमार्क आने से पहले ही शुद्धता के मापदंडों को तय कर लिया था, जो आज अपने आप में इतिहास बन गया है। उनके बाद पन्नालालजी कटारिया ने इसे परम्परा मानकर आगे बढ़ाया। हमारे समय तक ग्राहकों की पसंद में बड़ा बदलाव आ चुका था। ऐसे में हमने कम्पलीट मार्केट रिसर्च के बाद 'ग्लोकल' अपील वाली डिज़ाइन तैयार की, जो हमारी मुख्य ताकत बनी। हम माँ नर्मदा की पावन धरा जबलपुर के लिए अपने 8 वचन साथ लेकर आए हैं - शुद्धता, पारदर्शिता, सही भाव, बेस्ट कलेक्शन और एक्सपर्ट एडवाइस जैसी खासियतों के साथ आप भी निश्चिन्त होकर शानदार ज्वेलरी शॉपिंग का अनुभव कीजिए ।जबलपुर के इस नए स्टोर में देश के सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइनर द्वारा बनाए गए कलात्मक आभूषणों की सम्पूर्ण रेंज भी प्रदर्शित होगी। चाहे फिर हॉलमार्क गोल्ड और सिल्वर ज्वैलरी, सर्टिफाइड डायमंड् ज्वेलरी और वैवाहिक पोलकी के आभूषण हो, एवरीडे के लिए अमोरा रेंज हो आप को सबकुछ मिलेगा एक छत के नीचे।

श्री अनिल कटारिया के अनुसार , हमारे पूर्वजों द्वारा रखी गई नींव साल-दर-साल और भी मजबूत होती जा रही है। डी. पी. ज्वेलर्स, डी. पी. आभूषण लि. का एक वेंचर है जो NSE और BSE लिस्टेड कंपनी है। यहां बड़ी संख्या में निवेशक, शेयर होल्डर के रूप में हमारे साथ जुड़ रहे हैं और उन्हें एक बेहतर रिटर्न मिल रहा है। ब्रांड इमेज के लिए आवश्यक सभी पहलुओं पर डी. पी. ज्वेलर्स ने खुद को साल दर साल साबित किया है। मार्केट में लिस्टेड ब्रांड के रूप में डी. पी. ज्वेलर्स ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

इस अवसर पर श्री संतोष कटारिया ने बताया, कि ग्राहकों के विश्वास की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अनुभवी शैली और आधुनिक विचारों के साथ आज डी. पी. ज्वेलर्स मध्य प्रदेश,राजस्थान, गुजरात के 12 रतलाम, इंदौर, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, नीमच, भीलवाड़ा, कोटा, बांसवाड़ा ,अजमेर, धार, दाहोद शहर के ग्राहकों में चर्चित ब्रांड है. महाराष्ट्र हाई स्कूल के पास, न्यू सराफा, राईट टाउन ,जबलपुर नए शोरूम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों की आभूषण खरीदी से जुड़ी प्रत्येक आवश्यकता को पूरा करना है। जब हम बात कर रहे हैं अद्भुत शॉपिंग अनुभव की, तो यहाँ स्पेशल वेडिंग लाउंज, विशाल गोल्ड, एक्सक्लूसिव डायमंड, सिल्वर व ज्वेलरी एक्सचेंज सेक्शंस उपलब्ध हैं। ग्राहकों की शॉपिंग और स्पेशल बनाने के लिए लिफ्ट, पार्किंग, ज्यादा बिलिंग काउंटर जैसी अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध है। जल्द ही डी पी ज्वेलर्स के १५वें शोरूम का शुभारंभ जोधपुर राजस्थान में होने जा रहा है, डी पी ज्वेलर्स की इस विकास यात्रा में हमारे 35 लाख से अधिक परिवार का विशेष योगदान है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी डी पी ज्वेलर्स पर अपना भरोसा कायम रखा।


श्री विकास कटारिया ने बताया, किसी भी कंपनी की मार्केट वैल्यू उसके ग्रोथ प्लान, बाजार में उसके योगदान पर निर्भर करती है। ग्राहकों को BIS, HUID व IGI प्रमाणित आभूषण उनके बजट, पसंद और आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध करवाने के लिए डी. पी. ज्वेलर्स ग्राहकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां उपलब्ध कस्टमर फ्रेंडली बाय बैक पॉलिसी, न्यूनतम मेकिंग चार्ज, डैज़लिंग डायमंड, स्वर्ण समृद्धि जैसी स्कीम ने ग्राहकों को उनकी मनपसंद ज्वेलरी खरीदने की आज़ादी दी। इन सभी सुविधाओं को जस का तस रखते हुए, अब रतलाम में अपने नए अत्यधिक सुविधायुक्त शोरूम के माध्यम से डी. पी. ज्वेलर्स का फोकस पूर्ण रूप से ग्राहकों की शॉपिंग से जुड़े अनुभव को और भी बेहतर करने पर है।

-विशेष संवाददाताः वर्ल्ड क्लासिकल, मैगजीन, लोकल रीजनल स्टेट नेशनल इंटरनेशनल विजन, न्यूज service by Neeta publicity, india |9425103025

50,000+ कलात्मक डिज़ाइन्स और न्यूनतम मेकिंग चार्जेज के साथ बना ग्राहकों की पहली पसंद


धनतेरस पर डी.पी. ज्वेलर्स में उमड़ा ग्राहकी का उत्साह






अरविंद डांगी

इंदौर। **दीयों** की जगमग रौशनी से सजे बाजारों के बीच धनतेरस के शुभ अवसर पर डी. पी. ज्वेलर्स अपने सुसज्जित शोरूम और कलात्मक आभूषणों की 50,000 से अधिक डिज़ाइन्स के साथ पूरी तरह तैयार है। धनतेरस विशेष के तहत शोरूम सुबह 9:15 बजे से ही ग्राहकों की सेवा में उपलब्ध है, जहाँ अनुभवी कारीगरों द्वारा निर्मित दिवाली सीज़न का अद्भुत कलेक्शन प्रदर्शित किया गया है। धनतेरस पर संध्या के समय होने वाली लक्ष्मी पूजा के विशेष मुहूर्त के लिए शोरूम पर शुद्ध सोने व चांदी के सिक्कों की विविध वैरायटी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही, ग्राहक इस शुभ अवसर पर गोल्ड, गोल्ड एंटीक, सर्टिफाइड डायमंड, डायमंड पोल्की, जड़ाऊ, सोलिटेयर, सिल्वर ज्वेलरी और चांदी के यूटेंसिल्स की खरीदी न्यूनतम मेकिंग चार्जेज पर कर सकते हैं। पिछले 86 वर्षों से शुद्धता की परंपरा निभाते हुए डी. पी. ज्वेलर्स ने 35 लाख से अधिक परिवारों का अटूट विश्वास जीता है। ग्राहक इसे केवल एक ज्वेलरी शोरूम नहीं, बल्कि अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। त्योहार हो या कोई विशेष प्रसंग, खरीदी के लिए पहली पसंद हमेशा डी. पी. ज्वेलर्स ही रहता है। ग्राहकों की सुविधा, HUID व BIS हॉलमार्क आभूषणों की शुद्धता और कीमतों में पूर्ण पारदर्शिता की खूबी के कारण आज डी. पी. ज्वेलर्स मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के 13 प्रमुख शहरों—रतलाम, इंदौर, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, नीमच, भीलवाड़ा, कोटा, बांसवाड़ा, अजमेर, धार, दाहोद और जबलपुर में सबसे चर्चित ब्रांड बना हुआ है। यहाँ ग्राहकों के बजट और पसंद को ध्यान में रखकर पूरी जानकारी के साथ कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।









A Creation by Archit Arvind Dangi - Vision - Neeta Publicity - Neeta House Ratlam (M.P.) India 70004-72361, 94251-03025

ॐ घंटाकर्ण महावीर, सर्व व्याधि विनाशकम् के गूंजते मंत्रों से अभिमंत्रित हुआ इंदौर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। अध्यात्म और आस्था के केंद्र इंदौर में शनिवार को दिवानकर दरबार नरसिंह वाटिका एयरपोर्ट रोड पर एक अलौकिक और भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुद लता और उनके सहयोगी संतों के पावन सानिध्य में आयोजित इस विराट घंटाकर्ण अनुष्ठान में देश के कोने-कोने से पहुंचे लगभग 2500 आराधकों ने एक सुर में सामूहिक जाप कर विश्व शांति, आरोग्य और आत्मबल की मंगल कामना की। प्रातः साढ़े आठ बजे से शुरू हुए इस अनुष्ठान के दौरान पूरा पंडाल घंटाकर्ण महावीर, सर्व व्याधि विनाशकम् के मंत्रोच्चार से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया।



समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पुणे के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद मांडोत ने की।

इस धार्मिक महाकुंभ में औरंगाबाद से अतुल दर्शना जैन, पुणे से प्रवीण दुगड़, दिनेश छाजेड़ व अंकित छाजेड़, चेन्नई से नरेश कांकरिया, इंदौर से विकास कोठारी तथा चित्तौड़गढ़ से रश्मि जैन सहित देश भर से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। भक्तों को संबोधित करते हुए महासती डॉ. कुमुद लता ने कहा कि घंटाकर्ण महावीर भगवान महावीर स्वामी के शासन रक्षक देव हैं और जिस घर में इस मंत्र का नियमित जाप होता है, वहां भय, रोग, नजर-दोष, ऊपरी बाधा और शत्रुओं का प्रभाव नहीं टिक सकता। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत महावीर भवन ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों अचल चौधरी, डीपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, राजकुमार जैन, हेमंत बोहरा, टी.सी. जैन, अशोक मंडलीक, समरथमल कोठारी, हंस कुमार जैन, सुनील जैन, गजेंद्र बोडाना, राजेंद्र चोरड़िया, अभय झेलावत, अतुल कोठारी, सुमति छजलानी, हनुमान पोरवाल, महावीर नाबरिया, दिलीप लोढ़ा लीड्स, ललित संचेती,, हनी चोरड़िया और प्रवीण रूनवाल ने किया।

अवकाश की सूचना

दीपावली के पावन पर्व पर सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को शुभकामनाएँ।
इस अवसर पर मृदुभाषी कार्यालय में दिनांक 08 एवं 09 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 11 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

– सम्पादक













सम्पादकीय

आर्थिक विकास को संबल प्रदान करते हैं त्योहार

दिसंबर 2025 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में मान्यता मिलने के बाद भारत के पास दीपावली को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन महोत्सव के रूप में विकसित करने का स्वर्णिम अवसर है। अयोध्या का दीपोत्सव, वाराणसी की देव दीपावली, जयपुर के रोशनी से जगमगाते बाजार, उदयपुर के प्रकाशित महल और देशभर की विशिष्ट दीपावली परंपराएं पर्यटन के प्रमुख आकर्षण हैं। यदि इन आयोजनों को एक साझा राष्ट्रीय ब्रांड के तहत जोड़कर पांच से सात दिन का अंतरराष्ट्रीय दीपावली महोत्सव आयोजित किए जाएं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रकाश कला प्रदर्शनियों, पारंपरिक खानपान, हस्तशिल्प मेलों और फोटोग्राफी के माध्यम से 'वोकल फार लोकल' की भावना भी साकार होगी। नवरात्रि और दीपावली के त्योहारी सीजन में खुदरा कारोबार 3.75 लाख करोड़ से 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचता है। दीपावली को वैश्विक पहचान मिलने से यह आंकड़ा पांच लाख करोड़ रुपये के पार जा सकता है। दुनिया के कई देशों ने अपने स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को वैश्विक ब्रांड बनाकर अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी हैं। ब्राजील के पांच से छह दिन चलने वाले रियो कार्निवाल में 15 से 20 लाख घरेलू और विदेशी पर्यटक शामिल होते हैं, जो 10,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करते हैं। जर्मनी के 16 दिवसीय ओक्टोबरफेस्ट से म्यूनिख को करीब 11,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व मिलता है।


भारत विविधताओं और उत्सवों का देश है। दीपावली, होली, दशहरा, दुर्गा पूजा, मकर संक्रांति, ओणम और कुंभ मेला केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय जीवनशैली, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जुड़ाव के प्रतीक हैं। यदि इन क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पर्वों को वैश्विक ब्रांड के रूप में विकसित कर पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाए, तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन उद्योग और सूक्ष्म उद्यमों को नई गति मिल सकती है। इससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ विदेशी मुद्रा आय और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। भारत में 'एक राज्य, एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव' की अवधारणा पर काम किए जाने की आवश्यकता है। असम के बिहू को अंतरराष्ट्रीय लोक संस्कृति एवं नृत्य महोत्सव, गुजरात के रण उत्सव को अंतरराष्ट्रीय डेजर्ट फेस्टिवल, नगालैंड के हार्नबिल महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय जनजातीय संस्कृति उत्सव, राजस्थान के पुष्कर मेले को अंतरराष्ट्रीय मरुस्थलीय एवं पशु मेले, कर्नाटक के मैसूर दशहरे को अंतरराष्ट्रीय विरासत महोत्सव, केरल के ओणम को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं नौका उत्सव और पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा को अंतरराष्ट्रीय कला एवं प्रकाश महोत्सव के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसी तरह महाराष्ट्र का गणेशोत्सव, तमिलनाडु का पोंगल, पंजाब की बैसाखी, बिहार का सोनपुर मेला, छत्तीसगढ़ का बस्तर दशहरा, मध्य प्रदेश का खजुराहो नृत्य महोत्सव, ओडिशा का कोणार्क नृत्य महोत्सव, हिमाचल प्रदेश का कुल्लू दशहरा और उत्तराखंड की नंदा देवी राजजात एवं फूलदेई भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख आकर्षण बन सकते हैं। विदेशी पर्यटकों को होटलों तक सीमित रखने के बजाय ग्रामीण परिवारों के साथ त्योहार मनाने, पारंपरिक भोजन बनाने और स्थानीय रीति-रिवाजों को सीखने के अवसर दिए जाने चाहिए।

प्रत्येक राज्य अपने प्रमुख उत्सव का चयन कर उसे पांच से सात दिन के अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के रूप में विकसित करे। भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण केवल पर्यटन को बढ़ावा देने का माध्यम नहीं, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास को गति देने की प्रभावी कुंजी भी बन सकता है। को सुरक्षा कौन देगा?

राइट टू रिकॉल का अधिकारः सांसद और विधायकों के लिए क्यों नहीं?

मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में जेरोन खालसा नगर परिषद की अध्यक्ष कुसुम मातादीन पस्तोर को मतदाताओं ने पद से हटाने का फैसला सुना दिया है। राइट टू रिकॉल के तहत हुए मतदान में कुर्सी खाली कराने के पक्ष में 2,633 वोट पड़े, जबकि कुर्सी के पक्ष में 2,167 वोट गिरे. 466 वोटों के अंतर से खाली कुर्सी जीत गई। कुल 7,799 मतदाताओं में से 61.52 प्रतिशत ने मतदान किया। यह परिणाम स्थानीय स्तर पर जवाबदेही का एक जीवंत उदाहरण है। कुसुम पस्तोर 2022 में चुनी गई थीं। पार्षदों ने उनके कामकाज और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रस्ताव पेश किया था। मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 47 के तहत यह प्रक्रिया चली. मतदान शांतिपूर्ण रहा। परिणाम के बाद आगे की आधिकारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

यह घटना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। जब नगर परिषद, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर राइट टू रिकॉल का प्रावधान हो सकता है, तो सांसद और विधायकों के लिए क्यों नहीं? मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में स्थानीय निकायों के लिए यह कानून मौजूद है। मतदाता अपने



चुने हुए प्रतिनिधि को कार्यकाल पूरा होने से पहले हटा सकते हैं। खाली और भरी कुर्सी के प्रतीक पर मतदान होता है. यह व्यवस्था जवाबदेही बढ़ाती है। प्रतिनिधि को पता रहता है कि पांच साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा. काम नहीं किया या आरोप लगे तो जनता बीच में ही फैसला सुना सकती है। जेरोन खालसा का मामला इसी बात को साबित करता है। पार्षदों की शिकायत और मतदाताओं के वोट ने अध्यक्ष को हटा दिया। राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा प्रावधान नहीं है. सांसद और विधायकों को हटाने का सामान्य तरीका केवल अगले चुनाव तक इंतजार करना या गंभीर कानूनी कार्रवाई है। अविश्वास प्रस्ताव सरकार के खिलाफ हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत सांसद या विधायक के खिलाफ मतदाताओं के पास सीधा अधिकार नहीं। संविधान सभा में भी इस विचार पर बहस हुई थी. कुछ नेताओं ने अस्थिरता का डर जताया था. बाद में निजी विधेयक आए, लेकिन पारित नहीं हुए. हाल में भी राज्यसभा में इस पर चर्चा हुई।

आलोचकों का कहना है कि यह लोकतंत्र को अस्थिर कर देगा. बार-बार चुनाव होंगे. राजनीतिक विरोधियों द्वारा इसका दुरुपयोग होगा। खर्च बढ़ेगा। ये तर्क गंभीर हैं, लेकिन पूरी तरह ठोस नहीं। स्थानीय स्तर पर अनुभव दिखाता है कि राइट टू रिकॉल अराजकता नहीं पैदा करता. मध्य प्रदेश में 2000 से यह प्रावधान है। कई बार प्रस्ताव आए, कुछ सफल हुए, कुछ असफल मतदाताओं ने कई बार प्रतिनिधि को बनाए रखा। जेरोन खालसा में भी मतदान शांतिपूर्ण रहा और परिणाम साफ आया. अस्थिरता का डर तभी सही है जब प्रक्रिया आसान और बिना सुरक्षा के हो।। उचित शर्तें लगाई जा सकती हैं. जैसे चुनाव के बाद न्यूनतम अवधि (डेढ़ या दो साल), एक निश्चित प्रतिशत मतदाताओं का प्रस्ताव, केवल गंभीर आधारों पर (भ्रष्टाचार, कर्तव्य में घोर लापरवाही), और प्रक्रिया में होने वाला खर्च और प्रशासनिक बोझ का समाधान भी संभव है। सांसद और विधायक स्थानीय निकायों से ज्यादा महत्वपूर्ण होते हैं. वे कानून बनाते हैं, बजट पास करते हैं, बड़े फैसले करते हैं। यदि स्थानीय स्तर पर जनता को जवाबदेही का अधिकार है, तो राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर क्यों नहीं? पांच साल का लंबा कार्यकाल अक्सर गैर-जवाबदेही पैदा करता है।

कई प्रतिनिधि चुनाव के बाद क्षेत्र में कम दिखते हैं. विकास कार्य रुक जाते हैं. भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं. मतदाता असहाय महसूस करते हैं। राइट टू रिकॉल इस स्थिति को बदल सकता है। यह प्रतिनिधि को लगातार सतर्क रखेगा। जनता को बीच में फैसला लेने का अधिकार देगा. लोकतंत्र सिर्फ पांच साल में एक बार वोट डालना नहीं है. यह निरंतर जवाबदेही भी है। जेरोन खालसा का परिणाम इस बात का प्रमाण है कि मतदाता जिम्मेदारी से फैसला ले सकते हैं. 466 वोटों का अंतर छोटा नहीं है. 61.52 प्रतिशत मतदान हुआ. प्रक्रिया नियमों के अनुसार चली. यदि यही व्यवस्था सांसद और विधायकों पर लागू हो, तो कई समस्याएं कम हो सकती हैं। दुरुपयोग की आशंका को मजबूत प्रावधानों से रोका जा सकता है, अस्थिरता का तर्क तभी मान्य है जब हम मान लें कि जनता अस्थिर है।

जेरोन खालसा ने दिखाया कि वह नहीं है। सरकारों और राजनीतिक दलों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. स्थानीय निकायों का अनुभव उपलब्ध है। संविधान संशोधन या कानून के जरिए यह व्यवस्था लाई जा सकती है. शर्तें सख्त रखी जाएं. लेकिन अधिकार दिया जाए। जब ग्राम पंचायत और नगर परिषद के अध्यक्ष को हटाया जा सकता है, तो सांसद और विधायक को क्यों नहीं? जेरोन खालसा का फैसला सिर्फ एक नगर परिषद का नहीं, पूरे लोकतंत्र के लिए एक संकेत है। जवाबदेही का विस्तार नीचे से ऊपर तक होना चाहिए, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा।

धर्म-ज्योतिष

दिपावली पर्व पर घर के छह कोनों में जरुर जलाएं दीपक

दीपावाली पर्व पर दिवाली पर घर के छह खास कोनों में दीपक जरूर जलाएं. इसके लिए ईशान कोण (उत्तर-पूर्व), अग्नि कोण (दक्षिण-पूर्व), ब्रह्म स्थान, मुख्य द्वार, धन की तिजोरी और जहां पानी की व्यवस्था है, वहां दीपक जरूर जलाएं। मान्यता है कि इन कोनों पर दीया जलाने से घर में लक्ष्मी का वास होता है और गरीबी, दरिद्रता दूर होती है, वहीं दीपावली पर रोशनी के लिए मोमबत्तियों के



स्थान पर मिट्टी के दीपक प्रज्ज्वलित करें. विशेषकर पूजा स्थल और मंदिर में मिट्टी के दीपक ही जलाना शुभ माना जाता है. वास्तु में दीपक को अग्नि तत्व का प्रतीक माना गया है। मिट्टी का दीपक पृथ्वी और अग्नि तत्व का सुंदर संगम है। घर के मुख्य द्वार, मंदिर और पूजा स्थल को सजाने के लिए ताजे फूलों तथा आम और अशोक के पत्तों का प्रयोग करें। मुख्य द्वार पर प्लास्टिक या कृत्रिम स्टिकर से स्वास्तिक और शुभ-लाभ लगाने के बजाय हल्दी और रोली से इन्हें बनाएं। दीपावली पूजन में बाजार की मिठाइयों के बजाय घर में बनी शुद्ध मिठाई का भोग लगाना अच्छा माना जाता है. इससे घर की रसोई में भी त्योहार के अवसर पर शुभ कार्य होता है और मां लक्ष्मी को अपने घर में तैयार किए गए पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। मेहमानों और उपहार के लिए बाजार की मिठाइयों का उपयोग किया जा सकता है।

समसामयिक

दिवाली मनाएं, मगर पर्यावरण जागरुकता संग

दिवाली से पहले ही दिल्ली का प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचना गंभीर चिंता का विषय है। कल्पना करना कठिन नहीं है कि दिवाली पर पटाखे छोड़े जाने के बाद क्या स्थिति होगी? कई स्थानों पर एक्यूआई का चार सौ पार कर जाना हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से भयावह संकट ही है। इन हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करने के बावजूद कहा है कि पुराने उपाय नाकाफी हैं। हम बचाव की बात तब कर रहे हैं जब एक्यूआई चार सौ पार कर गया है।

कोर्ट ने बार-बार कहा कि इस प्रदूषण को कम करने के लिये सांस्कृतिक बदलाव बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम जश्न मनाएं लेकिन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ। इसके लिये लोगों को जागरूक करने की जरूरत होगी। अदालत में चिंता जतायी गई कि दिवाली के पास वाहनों के बंपर-टू-बंपर चलने, जाम लगने व बढ़ती आवाजाही से प्रदूषण की समस्या सामने आती हैं। उसके मूल में हमारे दिखावे की संस्कृति भी है। ये जो गिफ्ट देने



की संस्कृति है, उसे हमने स्टेटस सिंबल बना दिया है। जिससे सड़कों में अप्रत्याशित रूप से वाहनों की आवाजाही होती है। इस प्रवृत्ति को रोकने और सांस्कृतिक बदलाव से ही समस्या का समाधान संभव है। हालांकि, प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अदालती आदेश है कि दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के कई जिले शामिल हैं, में सात से आठ नवंबर को सुबह छह से सात और रात को आठ से दस बजे तक ही ग्रीन पटाखे छोड़ने की अनुमति होगी। साथ ही अस्पतालों- स्कूलों के तीन सौ मीटर दायरे में रोक लगाई गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम इतने ईमानदार हैं कि इस अवधि में केवल ग्रीन पटाखे ही चलाएंगे? क्या दुकानदार ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचेंगे? अदालत में बताया गया कि दिल्ली में प्रदूषण की ऐसी हालत है कि हवा में सांस लेना तीस सिगरेट पीने के बराबर है।

दिल्ली में घातक प्रदूषण और दिवाली के मद्देनजर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वाली बैंच ने जहां गहरे तंज किए हैं, वहीं मार्गदर्शक सलाह भी दी है। बाकायदा सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची व जस्टिस वी.मोहना की पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली-एनसीआर के मौसम का आनंद ले रहे होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता अमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण का स्तर इतना गंभीर है कि हमारी आवाज बैठ रही है। अदालत ने बल दिया कि दिवाली मनाने के साथ-साथ प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है।

अंचल

मानव जीवन बहुत अनमोल है, शरीर नहीं अपनी आत्मा का रूप निखारें: विजयजी

- मृदुभाषी सिटी रिपोर्टर

इंदौर। एयरपोर्ट रोड स्थित श्री केसरी वाटिका में आयोजित द्विशताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत गच्छाधिपति जैनाचार्य पूज्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराज साहब की पावन निश्रा में धर्मसभा आयोजित हुई। इस अवसर पर परम पूज्य विद्वदरत्न विजयजी म.सा. ने मानव जीवन की दुर्लभता, आत्मस्वरूप की पहचान एवं सम्यक दर्शन के महत्व पर प्रभावशाली प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ और मूल्यवान है। देवता भी जिस मानव भव की आकांक्षा रखते हैं, उसे प्राप्त करके आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

पूज्यश्री ने भगवान महावीर स्वामी के केवलज्ञान का उल्लेख करते हुए समझाया कि परमात्मा प्रत्येक जीव की आंतरिक एवं बाहरी स्थिति तथा उसके भूत, वर्तमान और भविष्य को जानने में समर्थ हैं। भगवान ने इसी करुणा भाव से मनुष्य को 'देवानुप्रिय' कहकर संबोधित किया और मानव जीवन की



महत्ता समझाई।

शरीर नश्वर है, बचपन से वृद्धावस्था तक इसमें निरंतर परिवर्तन

उन्होंने कहा कि शरीर नश्वर है, बचपन से वृद्धावस्था तक इसमें निरंतर परिवर्तन होता है, जबकि आत्मा शाश्वत तत्व है। इसलिए शरीर की सुंदरता और संसार के वैभव के पीछे भागने के बजाय आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानने का प्रयास करना चाहिए। भगवान की वाणी का वास्तविक प्रभाव तभी है, जब उससे हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। पूज्यश्री ने सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र को मोक्षमार्ग का आधार बताते हुए कहा कि भगवान की वाणी पर दृढ़ श्रद्धा रखना ही सम्यक दर्शन की पहचान है। प्रत्येक जीव के प्रति करुणा, मैत्री और वात्सल्य का भाव रखना चाहिए। समता ही आत्मकल्याण की सीढ़ी है। सुख-दुःख, लाभ-हानि और मान-अपमान में संतुलित रहना ही सच्ची साधना है। मीडिया समन्वयक राजेश–प्रिया जैन युवा ने बताया की प्रवचन के दौरान मृग और कस्तूरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जिस प्रकार हिरण कस्तूरी की सुगंध को जंगल में खोजता है, जबकि वह उसकी अपनी नाभि में ही होती है, उसी प्रकार मनुष्य भी वास्तविक सुख को संसार में तलाशता रहता है, जबकि आत्मिक आनंद उसके भीतर ही विद्यमान है। उत्तराध्ययन सूत्र के विभिन्न अध्ययनों का उल्लेख करते हुए पूज्यश्री ने ब्रह्मचर्य, श्रमण जीवन, प्रमाद त्याग, संयम और आत्मजागृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय और आयु अमूल्य हैं। प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करते हुए आत्मकल्याण के लिए निरंतर पुरुषार्थ करना चाहिए। धर्म की साधना का फल भी माली द्वारा पौधे को प्रतिदिन सींचने की तरह निरंतर प्रयास से ही प्राप्त होता है। उन्होंने संदेश दिया कि शरीर का नहीं, आत्मा का रूप निखारें। संसार के पीछे नहीं, आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ें। यही भगवान महावीर की देशना का सार है। संचालन नीरज सुराणा ने किया एवं आभार महेंद्र बागवाला ने माना। इस अवसर पर धनराज संघवी, कमल कटारिया, विजय जैन पारा, शशिकांत सकलेचा, प्रभात जैन घंटाघर, पुष्पेंद्र जमींदार, राजेश जैन मामा, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

ब्यूटी पार्लरों में उमड़ी भीड़, सजने-संवरने के बाद दीपावली की तैयारियों में जुटे लोग

रूप चौदस पर निखरा रूप, अभ्यंग स्नान के साथ दीपोत्सव की उमंग

- मृदुभाषी सिटी रिपोर्टर

आलोट। दीपोत्सव की आहट के साथ शनिवार को रूप चौदस पर नगर में उत्सवी रंग और परंपराओं की छटा देखने को मिली। सुबह से ही घरों में अभ्यंग स्नान की परंपरा निभाई गई, वहीं सजने-संवरने को लेकर महिलाओं और युवतियों में खास उत्साह नजर आया। छोटी दीपावली के मौके पर ब्यूटी पार्लरों में भी दिनभर भीड़ रही। रूप निखारने के लिए महिलाएं पार्लरों में पहुंचीं तो घरों में तेल मालिश और उबटन के बाद पारंपरिक स्नान की रस्म पूरी की गई।

रूप चौदस को नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन सूर्योदय से पूर्व अभ्यंग स्नान का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की स्मृति में मनाए जाने वाले इस पर्व



पर घरों में पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा भी निभाई गई। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में चहल-पहल बनी रही।

ब्यूटी पार्लरों में दिनभर रही छाई रही रौनक

दीपावली पर आकर्षक दिखने की चाह में रूप चौदस के दिन ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं और युवतियों की आवाजाही बढ़ गई। फेशियल, क्लीनअप और अन्य सौंदर्य सेवाओं के लिए पार्लरों में भीड़ नजर आई। पर्व की तैयारियों के चलते पार्लर संचालकों के यहां भी व्यस्तता बनी रही।

इसके साथ ही घरों में रंगोली, दीप सजावट और पूजा की तैयारियों ने छोटी दीपावली के उत्साह को और बढ़ा दिया। रूप चौदस के साथ ही दीपोत्सव की रौनक अब अपने चरम की ओर बढ़ने लगी है। बाजारों में खरीदारी का उत्साह और घरों में सजावट की चमक के बीच नगर दीपावली के स्वागत में तैयार नजर आया

गौशालाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे प्रशासनिक अधिकारी

अलग-अलग विभागों के अफसर बनाए गए प्रभारी

राजगढ़। जिले में संचालित गौशालाओं के बेहतर संचालन, रखरखाव और गोवंश की देखरेख सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने अधिकारियों को अलग-अलग गौशालाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, राजगढ़ की ओर से जारी सूची में जिला एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल/प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी सूची के अनुसार, नगर पंचायत राजगढ़ स्थित श्री जालपा माता गौशाला की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर प्रतापसिंह चौहान को सौंपी गई है। नगर पंचायत खुजनेर की श्री सांवरिया गौशाला के लिए संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन को प्रभारी बनाया गया है। जलालपुरा स्थित श्री गोपाल गौशाला की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज को दी गई है। इसी प्रकार चैनपुरिया स्थित श्री स्वामी हरिदास गौशाला के लिए कार्यपालन यंत्री राजीव रंजन, करनवास की श्री कृष्ण गौशाला के लिए जल निगम के महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी तथा रुगनाथपुरा की श्री कृष्ण गौशाला के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा देहरीबामन, कुण्डीबेह, पीपलबे, माचलपुर और किला अमरगढ़ सहित अन्य स्थानों पर संचालित गौशालाओं की देखरेख के लिए कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, आबकारी, खनिज एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को भी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

महापौर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिया वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश

घंटाघर पर फुटपाथ के दुकानदारों से खरीदी स्वदेशी सामग्री, पर्यावरण के संरक्षण का भी दिया संदेश

- मृदुभाषी सिटी रिपोर्टर

खंडवा। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते ट्रेंड के बीच स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा देने नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव शनिवार को दीपावली के मौके पर हाथ में कपडे का झोला लेकर बाजार में दीपावली पर लगने वाली सामग्री खरीदी के लिए निकली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संदेश को आम जन तक पहुंचाने के लिए खंडवा महापौर अमृता अमर यादव भाजपा संगठन के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर निगम परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा जनप्रतिनिधि एवं पार्षदों के साथ दीपावली की सामग्री खरीदने बाजार में निकले और छोटे दुकानदार एवं फुटपाथ पर लगी दुकानों से मिट्टी के दिए, फूल बत्ती, मिट्टी की लक्ष्मी जी की प्रतिमा, झाड़ू धानी, पतासे की खरीदारी की।

कपड़े की थैली वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने छोटे दुकानदारों एवं बाजार में निकले आम नागरिकों को भी कपड़े की थैली का वितरण करते हुए पर्यावरण की रक्षा का अनुरोध किया, एवं खरीदी गई वस्तुओं का नगदी एवं ऑनलाइन भुगतान भी किया। इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने शहर एवं जिले वासियों को



दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे छोटे दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे समय में हमें स्वदेशी अपनाकर प्रधानमंत्री मोदी जी के वोकल फॉर लोकल के संदेश को आगे बढ़ाते हुए छोटे दुकानदार एवं फुटपाथ पर लगी दुकानों से दीपावली की सामग्री खरीदना चाहिए ताकि उन परिवारों की भी दीपावली अच्छे से मन सके, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में आवश्यकता है कि हम सभी स्वदेशी अपनाएं और छोटे दुकानदारों से खरीदी कर उन्हें भी अच्छे से त्योहार मनाने में सहयोग प्रदान करें। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को दोपहर में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर महापौर अमृता यादव,निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, प्रवक्ता सुनील जैन, दिनेश पालीवाल, गणेश गुरबाणी, भारत पटेल, पार्षद सोमनाथ काले,मोनिका नीतीश बजाज, स्वर्णा धर्मेंद्र पालीवाल, दीना पंवार नगर निगम की स्वच्छता गतिविधियों की टीम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्नी से बातचीत की रंजिश में युवक का किया था अपहरण, चार आरोपी गिरफ्तार

युवक के दिनदहाड़े अपहरण से फैली सनसनी, पुलिस ने 2 घंटे में मुक्त कराया

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। शहर में दिनदहाड़े युवक के अपहरण की वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। महिंद्रा शोरूम के सामने से एक युवक को मारपीट कर बोलेरो वाहन में जबरन बैठाकर ले जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देश पर पांच अलग-अलग टीमें गठित कर अपहृत युवक की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने साइबर और तकनीकी सहायता से महज दो घंटे के भीतर नालछा क्षेत्र से युवक को आरोपियों के कब्जे से सकुशल मुक्त करा लिया। मामले में चार आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वान भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम तलवाड़ा निवासी पवन पिता माधव सिंह गिरवाल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे वह अपने चचेरे भाई आकाश गिरवाल के साथ सौम्या महिंद्रा शोरूम पर काम कर रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक एमपी 13 जेड एस 7732 में सवार तीन-चार अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और शोरूम के सामने से आकाश के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन वाहन में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसे मांडव की तरफ लेकर



फरार हो गए।

पांच टीमों ने संभाला मोर्चा, नालछा में मिली सफलता

दिनदहाड़े अपहरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने तत्काल संभावित मार्गों पर तलाश और घेराबंदी शुरू की। साइबर सेल एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची और नालछा क्षेत्र से आकाश को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त किया है।

पत्नी से बातचीत बनी गंभीर विवाद की वजह

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में अपहृत आकाश ने बताया कि उसकी अर्जुन गिरवाल की पत्नी से बातचीत होती थी। इसी बात को लेकर अर्जुन गिरवाल और उसके साथियों ने आकाश के साथ मारपीट की और जबरन बोलेरो में बैठाकर ले गए। पुलिस इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 679/2026, धारा 140(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्रवाई में इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक ईश्वर सिंह, निरीक्षक प्रेम सिंह ठाकुर, निरीक्षक राजललित मिश्रा, उपनिरीक्षक नरबद सिंह ठाकुर, आकाश हिंडोलिया, प्रेम सिंह हटीला, भूपेंद्र खरतीया, सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुशवाह, दीपचंद चंदेल सहित प्रधान आरक्षक रूपेश, संतोष यादव, नवल सिंह, जितेंद्र करणावत, तेजप्रकाश, आरक्षक राममूर्ति, भगवती, देवेंद्र कुशवाह, गोलू बर्मन, सैनिक जगदीश राठौर तथा साइबर टीम के प्रशांत चौहान, सौरभ जादौन एवं विजय भाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ये चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

अर्जुन गिरवाल पिता सीताराम, उम्र 26 वर्ष, निवासी कांकलपुरा, थाना नालछा।
अरविंद पिता भारमल कटारे, उम्र 21 वर्ष, निवासी भीलकुंडा, थाना नालछा।
रूप सिंह पिता करण सिंह डाबर, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम सोडपुर।
लव पिता गुलाब सिंह चौहान, उम्र 18 वर्ष, निवासी अवल, थाना नालछा।

पड़वा पर लगेगा बाबा को 56 भोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। तहसील नलखेड़ा के ग्राम टिकोन स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेव दिव्य धाम पर दीपावली पर्व के पावन अवसर पर पड़वा के दिन मंगलवार, 10 नवंबर को भव्य छप्पन भोग एवं वार्षिक भविष्यवाणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन परम पूज्य सद्गुरुदेव महाराज (बापजी) के पावन सानिध्य में संपन्न होगा।

महोत्सव के अंतर्गत बाबा रामदेव जी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से भव्य महाआरती होगी। इस अवसर पर बाबा रामदेव धाम के गुरुजी श्री शिवनारायण जी पाटीदार द्वारा प्रतिवर्षानुसार वार्षिक भविष्यवाणी की जाएगी, जिसका श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार रहता है।

प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु

आयोजन में नलखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं बाबा रामदेव जी के भक्त शामिल



होंगे। महोत्सव के दौरान गुरुजी द्वारा श्रद्धालुओं के दुख-कष्टों के निवारण हेतु आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे। साथ ही दीपावली पर्व पर सभी भक्तों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की जाएगी। टिकोन धाम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। बाबा जी के दरबार में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का विशेष माहौल रहेगा।

दुकान से10 हजार के अवैध पटाखे जब्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खण्डवा। दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री के भंडारण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक खण्डवा अगम जैन के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवारा बाजार स्थित एक कटलरी दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान दुकान से अवैध रूप से रखी गई विस्फोटक सामग्री अनार, फुलझड़ियां आदि को जब्त किया गया। इनकी कीमत



10 हजार है। उक्त मामले में दुकान संचालक राजू अग्रवाल पिता अनंतलाल अग्रवाल, निवासी बजरंग नगर,के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम, 1884 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

नियमों को पहिए तले रौंदकर दौड़ रहीं बसें

13 बसों से वसूले 1 लाख 7 हजार



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। यात्री बसों में नियमों की अनदेखी और यात्रियों से मनमाना किराया वसूले जाने की शिकायतों के बीच परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्लीपर बसों सहित विभिन्न यात्री बसों की जांच की गई, जिसमें 13 वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाए गए। परिवहन विभाग की टीम ने इन वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 7 हजार रुपए का जुमार्ना वसूल किया।

परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर धार राजीव रंजन मीना के आदेशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हृदेश यादव, परिवहन उप निरीक्षक दिव्या पाटीदार, सहायक वर्ग-2 मधुकर सिसोदिया सहित विभागीय टीम ने जिले के विभिन्न अनुभागों में यात्री बसों की सघन जांच की। इस दौरान बसों में निर्धारित किराये से अधिक राशि वसूलने, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने, परमिट और फिटनेस सहित आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई। जांच के दौरान कई वाहनों में नियमों का उल्लंघन सामने आने पर विभाग ने मौके पर ही चालानी कार्रवाई की। कुल 13 वाहनों से 1.07 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला गया। कार्रवाई के बाद परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री बस संचालकों को निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार ही वाहन संचालित करना होगा।

जारी रहेगा अभियान

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हृदेश यादव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री बैठाने, किराये में अनियमितता तथा परमिट और फिटनेस संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दीवाली पर भी कचरे के ढेर पर शहर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर भी धार नगर में सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी। शहर के कई प्रमुख मार्गों, कॉलोनियों और बाजार क्षेत्रों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पार्षद श्रीमती सारिका अजय सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

पार्षद ठाकुर ने नगर पालिका में कर्मचारियों की संख्या को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि शहर के 30 वार्डों में वर्तमान में मात्र 258 कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि अन्य 40 कर्मचारियों में से 8 को आदर्श सड़क पर रात्रिकालीन सफाई, 16 को अधिकारियों के बंगलों पर तथा 6 को नगर पालिका परिसर में



बताया जा रहा है। इसके अलावा 3 कर्मचारी कार्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में सफाई कर्मचारियों की कमी बताई जा रही है, तो इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी अलग-अलग स्थानों पर किस व्यवस्था के तहत लगाए गए हैं। ठाकुर ने कहा कि कुछ समय पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जिलाधीश के समक्ष सार्वजनिक रूप से नगर में 350 से अधिक कर्मचारी होने की बात कही थी। ऐसे में कर्मचारियों की वास्तविक संख्या को लेकर स्थिति स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका का पूरा ध्यान लालबाग और आदर्श सड़क जैसे वीआईपी क्षेत्रों की सफाई पर केंद्रित है, जबकि गांधी कॉलोनी, अर्जुन कॉलोनी, भोजशाला मार्ग और नित्यानंद मार्ग जैसे क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। इन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज भी सामने आ चुके हैं, इसके बावजूद नियमित सफाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री से कार्रवाई की मांग

पार्षद ने बताया कि 5 नवंबर को दीपावली उत्सव के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान तो दूर, शहर में नियमित सफाई तक नहीं हुई। 6 नवंबर को धनतेरस पर भी कई क्षेत्रों में कचरे के ढेर लगे रहे। वहीं 7 नवंबर को रूप चौदस के दिन भी हालात जस के तस बने रहे। भोजशाला, पुरानी सब्जी मंडी, छत्री चौराहा, नंबर-2 स्कूल के पीछे, गांधी कॉलोनी टंकी के नीचे और शहर के मध्य स्थित राजवाड़ा क्षेत्र में गंदगी पसरी रही।

पार्षद सारिका अजय सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव दुबे से मामले में हस्तक्षेप कर लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने मांग की कि कम से कम त्योहारों के अवसर पर शहर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को गंदगी के बीच त्योहार मनाने की मजबूरी न रहे।

बाइक और लोडिंग पिकअप भिड़ीं, मासूम सहित 3 गंभीर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। नगर से करीब 12 किलोमीटर दूर आगर-नलखेड़ा मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बोरखेड़ी बांध के समीप एक मोटरसाइकिल और लोडिंग पिकअप के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक महिला, एक पुरुष और सात वर्षीय मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नलखेड़ा पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद आगर रेफर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय आगर रेफर कर दिया गया।

गुजरखेड़ी गांव लौट रहा था परिवार

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम गुजरखेड़ी निवासी 48 वर्षीय छोटूलाल बैरागी, अपनी 30 वर्षीय पुत्रवधू मीना कुमारी और 7 वर्षीय पोते वैभव के साथ मोटरसाइकिल से शुक्रवार शाम करीब 4 बजे आगर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बोरखेड़ी बांध के समीप नलखेड़ा की ओर से आ रही लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 43 जेडयू 0284 ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में दी आकर्षक प्रस्तुति

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सुंदर एवं रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उत्सव की रौनक बढ़ा दी।

कार्यक्रम में दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों ने सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किए। वहीं, एक



प्रभावशाली लघु नाटिका के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने के विभिन्न उपायों का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने पर्व की वास्तविक भावना के साथ-साथ जिम्मेदार एवं जागरूक उत्सव मनाने का संदेश भी दिया।

रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग

उत्सव में रचनात्मकता के रंग भरते हुए प्री-प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सुंदर पुष्प रंगोलियाँ बनाईं, वहीं वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं सृजनात्मकता का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए विद्यार्थियों को आनंद, जिम्मेदारी एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ प्रकाश पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली नगर उत्सव शुरू

स्वर्ण आभूषणों, नोटों से सजा माँ का दरबार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। शिवाजी नगर मोती बंगला स्थित योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में पांच दिवसीय दीपावली नगर उत्सव की शुरूआत धनतेरस से श्रद्धा और भव्यता के साथ हो गई है। दीपावली पर्व पर मां महालक्ष्मी का दरबार स्वर्ण आभूषणों एवं नगद राशि से आकर्षक रूप में सजाया गया है। मंदिर में स्वर्ण आभूषणों सहित नगद राशि का मूल्य 7.50 करोड़ रुपये से अधिक है। मंदिर परिसर में की गई आकर्षक विद्युत सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

योगमाया पारमार्थिक न्यास के विमल शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 6 नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। दीपावली उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मां महालक्ष्मी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण और विशेष साज-सज्जा पर्व की भव्यता को और बढ़ा रही है। शर्मा ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत 10 नवंबर को अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसादी के साथ सौभाग्यवती माता-बहनों को कुमकुम वितरण भी किया जाएगा। पांच दिवसीय दीपावली नगर उत्सव मंदिर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

15 देशों की विदेशी मुद्रा भी शामिल

शिवाजी नगर मोती बंगला स्थित योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली उत्सव के अवसर पर मां का दरबार भव्य रूप से सजाया गया है। सजावट में करीब 5 करोड़ रुपये के नोट और ढाई करोड़ रुपये के स्वर्ण आभूषण शामिल हैं। इसके साथ ही करीब 15 देशों की विदेशी मुद्रा से भी मंदिर को सजाया गया है। विदेशी मुद्रा श्रद्धालुओं द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो मंदिर की सजावट का विशेष आकर्षण बनी हुई है।



लायंस क्लब ने स्कूल को भेंट की 43 इंच की एलईडी

देवास। शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लायंस क्लब देवास गोल्ड ने ग्रामीण शिक्षा प्रकल्प के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय करनाखेड़ी को 43 इंच की एलईडी भेंट की। इसका लाभ विद्यालय में कक्षा छठी से आठवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलेगा। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने बच्चों के साथ दीपावली का पर्व भी मनाया। विद्यार्थियों को मिठाई, पटाखे, चॉकलेट एवं नाश्ते का वितरण कर खुशियां बांटी गईं। एलईडी मिलने पर विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सोफिया कुरैशी, लक्ष्मी राव, डॉ. सुषमा अरोड़ा, हीना राठौर, अध्यक्ष संगीता गोयल, सचिव डॉ. मोनिका राणा, कोषाध्यक्ष नेहा छाबड़िया, प्रथम उपाध्यक्ष तरुणा जाट एवं अनीता राजपूत उपस्थित रहीं। मिठाई, पटाखे एवं चॉकलेट वितरण में नेहा छाबड़िया, अनीता भाटिया और शकुंतला बलवानी का विशेष सहयोग रहा।

स्वास्थ्य विभाग ने किया आतिशबाजी जलाते समय सावधानी बरतने का आग्रह

खण्डवा। दीपावली पर्व के दौरान आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखे हमेशा खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर ही जलाएं। इमारतों, वाहनों, सूखी वनस्पतियों एवं ज्वलनशील पदार्थों से पर्याप्त दूरी रखें। आतिशबाजी के दौरान सूती कपड़े पहनें तथा बंद जूते का उपयोग करें। बच्चों को बिना वयस्क निगरानी के पटाखे न दें और उन्हें पटाखे जेब में नहीं रखने की समझाइश दें। पटाखे जलाते समय पानी या रेत से भरी बाल्टी पास में रखें तथा एक समय में केवल एक ही पटाखा जलाएं। पटाखे जलाते समय हाथ और चेहरे को उनसे सुरक्षित दूरी पर रखें। अनार, चकरी एवं बम को हाथ में रखकर न जलाएं, बल्कि समतल जमीन पर रखकर ही प्रज्वलित करें।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्रीमती रश्मि सोनी पतिश्री जितेन्द्र सोनी,** विक्रेता/पूर्व नाम **श्री संजय दुबे,** पता **17, मेनन कॉलोनी, इन्दौर** पिन नं./खाता क्रमांक **1001047162,** झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्रीमती सावित्री सोलंकी पतिश्री जितेन्द्र सोलंकी,** विक्रेता/पूर्व नाम **नयना सोलंकी,** पता **77-ई, मनभावन नगर, इन्दौर** पिन नं. **1001046828,** झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **इंद्रजीतसिंह पतिश्री गुरुकृपाल सिंह, श्रीमती महेन्द्र कौर पतिश्री स्व. श्री करतार सिंह** विक्रेता/पूर्व नाम **रोहित पटेल,** पता **77-ई, मनभावन नगर, इन्दौर** पिन नं. **1001071205,** झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर


अध्यक्ष
श्रीमती अलका गजराज यादव
नगर परिषद महेश्वर जिला खरगोन (म प्र)
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं


शुभ दीपावली
महेश्वर के सुप्रसिद्ध
साधुजी
®©
स्वाद एवं शुद्धता का प्रतीक
महावीर नमकीन
Ujjaini Sev
महावीर नमकीन
Charkha Mixture
महावीर नमकीन
Khatta Mitha Mixture
Tasty & Fresh Namkeen
महावीर नमकीन
6, सरदार पटेल मार्ग, महेश्वर जिला खरगोन (म.प्र.)
मो.: 9425088533, 9754247230, 9074733288 , 8871473727


आप सभी को दीपावली के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीजी ज्वेलर्स
फर्म– दाऊलाल मोतीलाल सराफ
सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
डी. एम. सराफ 9425087882
अजितेश सराफ 9424087987
अश्विन सराफ 9165117007


Chouhan Handloom
Chouhan Handloom
आप सभी को
दीपावली
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौहान
हैंडलूम
इंदौरी एवं माहेश्वरी हैंडलूम
साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल के निर्माता एवं विक्रेता
सरकारी हॉस्पिटल के सामने, धामनोद रोड़, महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.)
प्रो. सुभाष चौहान – संपर्क : 9926157143, 7987645698

OMAXE
Turning dreams into reality

OMAXE CITY CENTER
Mayakhedi, Omaxe City-1 Indore

THIS
Diwali

OMAXE CITY CENTER

At Omaxe City-1, Bypass

Spacious 2 & 3 BHK Apartments

Where Your Dreams Find a Home



Artistic Impression

ICONIC LANDMARKS AROUND YOU

Sheraton Grand Palace
500 m

Emerald Heights School
2 KM

LOACTED AT
THE HEART OF
OMAXE

Phoenix Citadel Mall
4 KM

BCM Kokilaben Hospital
5 KM

8302 222 333 | WWW.OMAXE.COM

RERA NO. P-OTH-26-6292

Indore Zonal Office: FF-58, Orbit Mall, A.B. Road, Indore (M.P.)
Ujjain Regional Office: 2nd Floor, Shivansh Business Park, Opposite Ashrey Hotel, Dewas Road, Freeganj Ujjain (M.P.)
Ratlam Regional Office: Plot No. 25/3 (Fakhry Heights), 1st Floor, Mhow Road, Ratlam (M.P.)

Disclaimer. This advertising material or information hereof on this project or any product (unit) of the company is solely for informational purposes and the viewer has not relied on this information for making any booking/purchase any unit of the Company and fully understands and agrees that the information(s) the project/projects (unit) may undergo such changes or updates as may be required. Accordingly, all this marketing, booking, selling or an offer for sale or invitation to purchase a unit in any project by the Company. The Company or any officer shall not be liable for any consequence of any action taken by the viewer relying on such material/information. The viewer is advised to seek information on the project/projects before booking of any product from the company office/website **www.omaxe.com**, MPRERA **office/website https://rera.mp.gov.in**

माँ महालक्ष्मी पूजन आज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। रोशनी, उमंग और खुशियों का महापर्व दीपावली पूरे जिले में अपार उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पांच दिवसीय महोत्सव के तहत कल 8 नवंबर को माँ महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा। इस दौरान देर रात तक शहर आतिशबाजी की रोशनी से नहाता रहेगा। इससे पहले शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर घर दीयों की रोशनी से जगमगा उठा है। चारों ओर पटाखों की गूंज और पकवानों की मीठी खुशबू से त्योहार का रंग पूरी तरह जम चुका है।

शनिवार को रूप चौदस के अवसर पर भी गुना के बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। दुकानों पर सजावट के सामान, खील-बताशे, मिठाइयों और आतिशबाजी की जमकर खरीदारी हुई, जिससे व्यापारी काफी गदगद नजर आए। दीपोत्सव के मुख्य पर्व पर भी बाजारों में अच्छी ग्राहकी और रौनक रहने की पूरी संभावना है। एक तरफ जहां पूरा शहर दीपोत्सव के जश्न में डूबा हुआ है, वहीं दूसरी ओर त्योहार के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। कलेक्टर किशोर कुमार कायल के निदेशार्नुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. आर.आर. माथुर ने नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे खुशियों के इस पर्व को सुरक्षित तरीके से मनाएं



और आतिशबाजी करते समय विशेष सतर्कता बरती जाए

पटाखे जलाते समय इन बातों का रखें विशेष ध्यान

प्रभारी सीएमएचओ डॉ. आर.आर. माथुर द्वारा नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख सलाहें दी गई हैं। विभाग नागरिक पटाखे केवल अधिकृत और लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही खरीदें। पटाखों को हमेशा ठंडे व सुरक्षित स्थान पर रखें और बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पटाखे जलाते समय सूती (कॉटन) कपड़े ही पहनें और खुले स्थानों पर ही आतिशबाजी करें। बच्चों को कभी भी अकेले या बिना बड़ों की देखरेख के पटाखे न जलाने दें। रॉकेट को कभी भी हाथ से न छोड़ें। यदि कोई पटाखा तुरंत न चले या आधा जलकर छूट जाए, तो उसके पास तुरंत जाने की भूल न करें। तेज आवाज वाले पटाखों से बचें। सांस और दिल की बीमारी से पीड़ित बुजुर्गों, मरीजों तथा पालतू जानवरों का विशेष ख्याल रखें ताकि वायु और ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव कम से कम हो। आतिशबाजी के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं और बचे हुए कचरे का सुरक्षित निपटान करें।

जलने या दुर्घटना की स्थिति में क्या करें?

स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक उपचार को लेकर भी नागरिकों को जागरूक किया है। यदि आतिशबाजी के दौरान कोई व्यक्ति या बच्चा जल जाता है, तो प्रभावित हिस्से पर तुरंत सामान्य तापमान का साफ पानी डालें। किसी भी प्रकार का देसी नुस्खा या अप्रमाणित क्रीम लगाने से बचें। यदि चोट गंभीर हो या पटाखे की चिंगारी आंख में चली जाए, तो बिना समय गंवाए मरीज को निकटतम सरकारी या निजी अस्पताल ले जाएं।



एसपी ने किया बाजार का भ्रमण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गांधी पार्क स्थित बाजार, सराफा बाजार एवं सुभाषगंज बाजार का भ्रमण कर बाजार की गतिविधियों का जायजा लिया गया।

मिश्रा द्वारा दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए मिट्टी के दीपक खरीदकर स्थानीय कुम्हारों एवं पारंपरिक हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पर्व के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति बनाए रखने तथा दीपावली हर्षोल्लास एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने का संदेश दिया। इस दौरान एएसपी अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजू सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक अविनाश उमरैया, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक अजीत सिंह नरवरिया, थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, थाना प्रभारी देहात आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ने जरूरतमंद परिवारों को भेंट की सामग्री

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। छोटी दीपावली के पावन अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने भाजपा कार्यकताओं के साथ शाढ़ौरा के वार्ड क्रमांक 1 स्थित गांधीनगर की आदिवासी बस्ती पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं।

इस दौरान उन्होंने परिवारों को मिठाई, फुलझड़ियां, दीपक, तेल एवं दीपावली पूजन सामग्री भेंट की। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों को बिस्किट देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। जज्जी ने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रेम और आपसी सद्भाव का पर्व है। इसकी सार्थकता तभी है, जब समाज के अंतिम



पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक खुशियों का उजाला पहुंचे। जरूरतमंद परिवारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना ही सच्ची दीपावली है।

खेत सींचने गए मजदूर की करंट से मौत

गुना। खेतों में फसल की हरियाली के लिए पानी देने गए 40 वर्षीय सरवन सिंह सहरिया की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी सामने आई है कि सिरसी कला के रहने वाले सरवन सिंह पुत्र राजमल सहरिया गांव के ही एक किसान के खेत पर मजदूरी के तहत सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान खेत में फैले या गुजर रहे खुले बिजली के तारों की चपेट में वे आ गए। तेज करंट लगते ही वे अचेत होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें जिला अस्पताल गुना लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

123 गुम हुए मोबाइल लौटाए, खिली मुस्कान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। दीपावली पर्व पर पुलिस ने आम नागरिकों को एक विशेष उपहार देते हुए उनके गुम हुए 123 मोबाइल फोन ढूंढकर वापस लौटाए हैं। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में सायबर सेल और जिले के सभी थानों की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अशोकनगर सहित अन्य जिलों और राज्यों से इन मोबाइलों को रिकवर किया। बरामद किए गए



मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख 76 हजार रुपये बताई जा रही है। एसपी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिश्रा ने मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपे और सभी को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। एसपी ने बताया कि अब गुम मोबाइल की शिकायत भारत सरकार के पोर्टल पर घर बैठे करा सकते हैं।

पटाखा बाजार में शराबी ने चलाया पटाखा

बड़ा हादसा टला, युवक ने मांगी कान पकड़कर माफी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जरा सी लापरवाही और बेपरवाह हरकत कैसे सैकड़ों जिंदगियों को मौत के मुँह में धकेल सकती है, इसकी बानगी गुना के दशहरा मैदान स्थित बीज निगम परिसर के पटाखा बाजार में देखने को मिली। जहाँ प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता दावों और आग बुझाने वाले वाहनों के साथ मुस्तैद बैठा था, वहीं एक नशे में धुत युवक की नासमझी ने पूरे बाजार को चंद समय में बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया।

घटना 6 नवंबर की शाम करीब 7 बजे की है, जब पटाखा बाजार ग्राहकों और दुकानदारों की भीड़ से गुलजार था। इसी दौरान एक युवक नशे की हालत में अचानक आतिशबाजी की सैकड़ों दुकानों के बीचों-बीच आ पहुंचा। किसी बात या सनक के चलते उसने वहाँ 12 शॉट वाला खतरनाक पटाखा जला दिया। भीड़भाड़ और पटाखों के विशाल जखीरे के बीच अचानक हुए इन ताबड़तोड़ धमाकों से वहाँ अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत यह रही कि चिंगारी किसी अन्य दुकान के खुले स्टॉक तक नहीं पहुँची, वरना गुना में एक ऐसा भीषण अग्निकांड हो सकता था जिसकी कल्पना करके भी रूह कांप जाए। घटना के तुरंत बाद सतर्क दुकानदारों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए त्वरित कार्रवाई की और उस लापरवाह युवक को मौके पर ही दबोच लिया। जब लोगों ने उसकी इस खतरनाक हरकत पर उसे घेरा और फटकार लगाई, तो उसका नशा काफूर हो गया। युवक ने अपनी गलती का अहसास करते हुए वहीं सबके सामने कान पकड़कर माफी मांग ली और भविष्य में ऐसी गलती न करने की बात कही है।

सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक दावों पर उठे सवाल

इस पूरी घटना ने जिला प्रशासन और सुरक्षा प्रबंधों की कलई खोलकर रख दी है। यद्यपि प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दमकल वाहन और एंबुलेंस जैसी



व्यवस्थाएँ तैनात कर रखी थीं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है



स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

बाजार में दिन भर चला खरीदारी का दौर, रुपचौदस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया

शुभ मूहुर्त में होगा माँ महालक्ष्मी पूजन फिर आतिशबाजी से सजेगा आसमान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। पांच दिनी दीपोत्सव की शुरूआत धनतेरस से हो चुकी है। इसी कड़ी में तीसरे दिन रविवार को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां घरों में कई दिनों से की जा रही है। इस दिन शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी का पूजन किया जाएगा। इसके बाद आतिशबाजी से आसमान सतरंगी होगा।

शहर में पांच दिनी दीपोत्सव की धूम मची हुई है और बाजार में खरीदारों की भी भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस पर भी बाजार में जमकर धन की वर्षा हुई और व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। इसके बाद रूप चतुर्दशी पर भी पूजन और खरीदारी का दौर जारी रहा। इसी कड़ी में रविवार को पर्व के तीसरे दिन शुभ मुहूर्त में शहरवासी मां लक्ष्मी का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसके बाद शहर में आतिशबाजी शुरू होगी जो देर रात तक जारी रहेगी।





विशेष ज्योतिषीय महासंयोग में मनेगा दीपोत्सव पर्व

पं. राजेंद्रप्रकाश व्यास शाजापुर वाले ने बताया कि रविवार 8 नवंबर 2026 को कार्तिक कृष्ण अमावस्या के पावन अवसर पर दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस बार दीपावली पर रविवार, अमावस्या तिथि, आयुष्मान योग एवं प्रदोषकाल का विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इन शुभ कालखंडों में श्रद्धा एवं विधि-विधान से माता महालक्ष्मी, भगवान गणेश एवं माता सरस्वती का पूजन करना अत्यंत मंगलकारी माना गया है। उन्होंने बताया कि प्रदोषकाल में वृषभ स्थिर लग्न के दौरान महालक्ष्मी पूजन करना श्रेष्ठ माना गया है। पंचांगों के अनुसार स्थिर लग्न का समय लगभग शाम 6.05 से 8.05 बजे के मध्य रहेगा। अमावस्या तिथि 8 नवंबर को प्रातः लगभग 11.28 बजे प्रारंभ होकर 9 नवंबर को दोपहर लगभग 12.32 बजे तक रहेगी।

ऐसे करें माता लक्ष्मी का पूजन

दीपावली के दिन सर्वप्रथम प्रातःकाल घर, प्रतिष्ठान एवं पूजन स्थल की स्वच्छता कर मुख्य द्वार पर रंगोली एवं दीप सजाएं। सायंकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजन स्थल पर लाल या पीले वस्त्र पर भगवान गणेश, माता महालक्ष्मी एवं माता सरस्वती की प्रतिमा अथवा चित्र स्थापित करें। इसके बाद कलश स्थापना कर भगवान गणेश का ध्यान एवं पूजन करें। माता महालक्ष्मी को कमल पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, फल एवं मिष्ठान अर्पित करें। धन के अधिष्ठाता भगवान कुबेर तथा बही-खातों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लेखनी का पूजन भी परंपरानुसार करें। मंत्रोच्चार के साथ पूजन करते हुए मंत्रों का श्रद्धापूर्वक जाप करें।

400 साल प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में होगी विशेष पूजा

दीपावली पर रविवार को घरों के साथ-साथ मंदिरों में भी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर के तेलीवाड़ा स्थित लगभग 400 वर्ष पुराने महालक्ष्मी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यह मंदिर जिले का एकमात्र स्थान है, जहां धन की देवी लक्ष्मी के चार स्वरूपों के दर्शन एक साथ होते हैं। मंदिर में ऊपर की ओर मां लक्ष्मी की चार फीट ऊंची प्रतिमा विराजमान है। इनके नीचे गज पर सवार गजलक्ष्मी का स्वरूप है। दाहिनी ओर माता वैभव लक्ष्मी और बाईं ओर धनलक्ष्मी हाथ में हांडा लिए विराजित हैं। सभी प्रतिमाएं सफेद संगमरमर की बनी हुई हैं। दीपावली के दिन मंदिर में देवी का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा और महाआरती का आयोजन होगा। दीपावली से एक दिन पहले रविवार को ही मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। भक्तों का मानना है कि मां लक्ष्मी के इन चारों स्वरूपों के दर्शन मात्र से घर में धन-धान्य और समृद्धि की वृद्धि होती है। मंदिर में रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश के दर्शन भी साथ में होते हैं।

पूजन व श्रृंगार सामग्री में व्यस्त रहे नगरवासी

रविवार को दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके चलते बाजार में रौनक बनी हुई है। शनिवार को भी व्यापारी दिनभर व्यस्त रहे। किसी ने श्रृंगार सामग्री की खरीदी की तो किसी ने पूजन सामग्री क्रय का पूजन की तैयारी की। कई दिनों से नगरवासी पर्व की तैयारी में जुटे हुए हैं। खासकर लक्ष्मी पूजन के लिए कई दिनों से सफाई सहित घरों व प्रतिष्ठानों को सजाने में व्यस्त हैं। जिनकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

खत्म हुई हड़ताल, पटरी पर लौटी सफाई व्यवस्था

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। एक दिन पहले धरना आंदोलन और रैली निकालकर विरोध जता रहे सफाईकर्मियों के चेहरों की मुस्कान लौट आई, जिनकी 10 सूत्रीय मांगों में से 8 मांगे मान ली गई हैं। यही वजह थी कि नगर में शनिवार को सफाईकर्मी भी नजर आए और शहर में स्वच्छता भी दिखी।

गौरतलब है एक दिन पहले नपा में दैनिक वेतन भोगी सफाईकर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी और काम बंद कर दिया था। जिसके चलते नगर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। उनकी वेतन बढ़ाने, नियमितीकरण करने सहित विभिन्न मांगे थी। जिसके समर्थन में शुक्रवार को सफाईकर्मियों ने रैली निकालकर धरना प्रदर्शन भी किया था। इस दिन पूरे नगर में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ गई थी। न कचरा वाहनों ने कचरा संग्रहित किया था और न ही नगर में दीपावली पर्व पर सफाई हुई थी। कई दुकानदारों को अपने हाथ से दुकानों के सामने से कचरा हटाना पड़ा था। बताया जाता है कि जिन 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय हड़ताल की जा रही थी उसमें से 10 मांगे वरिष्ठों द्वारा मान ली गई हैं। जिसके चलते शनिवार को नगर में सफाईकर्मियों ने काम पर लौटकर सफाई का कार्य किया।



ठेका प्रथा समाप्त, 18 हजार हुआ वेतन

अखिल भारतीय वाल्मिकी महापंचायत प्रदेशाध्यक्ष नवीन पारछे, वाल्मिकी सेना जिलाध्यक्ष जितेंद्र टॉक, राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अखिलेश महिवाल व समाज सेवी राजेश पारछे ने बताया कि हमारी मांगे वेतन बढ़ाने की थी जिसे स्वीकार करते हुए प्रदेश स्तर से ही सभी कर्मचारियों का वेतन 18 हजार कर दिया गया है। साथ ही जो कर्मचारी विनियमित थे उन्हें नियमित किया जाएगा और जो दैवेभो कर्मचारी थे उन्हें विनियमित कर दिया जाएगा।

घर-घर पहुंचा कचरा वाहन

हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर में कचरा संग्रहण वाहन भी नजर आए। जिसके चलते घरों में एकत्रित कचरे से भी नगरवासियों को राहत मिली। शनिवार को सुबह 5 बजे से ही कर्मचारी वाहन लेकर गली-मोहल्लों में पहुंचे और दोपहर 3 बजे तक हर घर से कचरा संग्रहित किया।

स्कूटी खड़ी करते वक्त वकील की मौत

घटना के सीसीटीवी फुटेज ने झकझोरा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिंदगी कब और किस मोड़ पर ठहर जाएगी, इसका अनुमान लगाना नामुमकिन है। गुना जिला न्यायालय में वकालत करने वाले युवा अधिवक्ता लोकेंद्र श्रीमाल के साथ शुक्रवार, 6 नवंबर को जो हुआ, उसने पूरे न्यायिक जगत और उनके चाहने वालों को स्तब्ध कर दिया है। घर के बाहर सामान्य रूप से अपनी स्कूटी खड़ी कर रहे एक हंसमुख और सक्रिय अधिवक्ता की अचानक तबीयत बिगड़ी और पलभर में सब कुछ उजड़ गया।

दरअसल, अधिवक्ता लोकेंद्र श्रीमाल दोपहर करीब 12 बजे अपने घर के बाहर स्कूटी लेकर पहुंचे थे। वाहन को सही से खड़ा करने के दौरान ही अचानक उनके सीने में तकलीफ या चक्कर जैसी स्थिति बनी और वे अनियंत्रित होकर सीधे जमीन पर गिर पड़े। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि उन्हें संभलने या किसी से मदद मांगने का मौका तक नहीं मिला। आसपास के लोग जैसे ही गिरे हुए अधिवक्ता को देखा, वे तुरंत दौड़कर उनकी मदद के लिए पहुंचे। बिना एक पल गंवाए उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। लोकेंद्र श्रीमाल गुना जिला न्यायालय में सीनियर अधिवक्ता पवन जैन के साथ जुड़कर नियमित रूप से वकालत करते थे। गुना के अलावा वे राघौगढ़ न्यायालय में भी प्रैक्टिस के सिलसिले में लगातार आते-जाते थे, जिससे वकीलों और मुवक्किलों के बीच उनका अच्छा खासा दायरा और संपर्क था। उनकी कार्यशैली और मिलनसार स्वभाव के कारण हर कोई उनका सम्मान करता था। अचानक हुई इस मृत्यु ने साथी अधिवक्ताओं को झकझोर कर रख दिया है। जिला न्यायालय परिसर में जैसे ही इस मनहूस खबर की भनक लगी, अदालती कामकाज के बीच सन्नाटा पसर गया। कई साथी वकील और परिचित तुरंत जिला अस्पताल और उनके घर पहुंचे।



तेज रफ्तार बाइक ने मारी लूना को टक्कर महिला हुई घायल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। नेशनल हाईवे-52 पर रोजवास जोड़ के पास बाइक की टक्कर से लूना पर सवार एक महिला घायल हो गई। लोगों की सूचना पर हाईवे एंबुलेंस 1033 उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक महिला अपने पति के साथ छावनी गांव में नुक्ते के कार्यक्रम से लौट रही थीं। वे लूना से अपने घर मक्सी जा रहे थे। इस दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी लूना को टक्कर मार दी। हादसे में मन्नू बाई (60) पति भवानीराम लोधी निवासी मक्सी घायल हो गईं। उनके सिर और हाथ में चोटें आई हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

लॉयन्स ने जरूरतमंदों के साथ मनाया दीपोत्सव

झुग्गी बस्ती में मिठाई, पटाखे, नए वस्त्र एवं दीपावली पूजन सामग्री वितरित कर दिया खुशियां बांटने का संदेश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खण्डवा। दीपावली केवल दीप जलाने और रोशनी करने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का उजियारा फैलाने का भी अवसर है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर दीपोत्सव मनाया गया।

जानकारी देते हुए प्रवक्ता नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव हेमलता पालीवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ राजीव मालवीय एवं माइक्रो कैबिनेट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लायन नारायण बाहेती ,अणिमा उबेजा, राजीव शर्मा ,गुरमीतसिंह उबेजा व रविंदर कौर सलूजा एवं लियो श्रद्धा पालीवाल समाजसेवी सुनील जैन के नेतृत्व में क्लब के सदस्य बुरहानपुर रोड स्थित दादाजी मार्ग की झुग्गी बस्ती में पहुंचे। यहां निवासरत जरूरतमंद परिवारों के महिला, पुरुष एवं बच्चों को परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार मिठाई, पटाखे, नए वस्त्र, दीपक, बाती एवं तेल का वितरण किया गया। क्लब सदस्यों ने बच्चों एवं परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करते हुए उनके बीच उत्साह और उमंग का वातावरण बनाया। दीपावली की सामग्री एवं पटाखे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कपड़ों की थैलियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, नारायण बाहेती, अणिमा उबेजा एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ राजीव मालवीय ने परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को नियमित पढ़ाई करने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।



लॉयन्स मानवता की सेवा के लिए समर्पित : हेमलता

सचिव हेमलता पालीवाल एवं कोषाध्यक्ष पवन लाड़ ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा सदैव पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहता है। सेवा का अर्थ केवल जरूरतमंदों की सहायता करना ही नहीं, बल्कि उनके साथ खुशियों के पल साझा करना भी है। समाजसेवी सुनील जैन ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करना चाहिए। इसी सामाजिक दायित्व एवं जनजागृति के उद्देश्य से क्लब द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपोत्सव मनाया जाता है। पूर्व में सामग्री की खरीदी भी स्थानीय व्यापारियों से कर वोकल फार लोकल का संदेश दिया। इस अवसर पर लायन्स क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम केअंत में सचिव हेमलता पालीवाल ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शांतिवन में की गई दीपसज्जा

शाजापुर। नगर के बीच से निकले हाइवे के समीप स्थित शांतिवन में शनिवार शाम को दीप सज्जा की गई। हिंदू सेवा समिति शांतिवन शाजापुर के पदाधिकारी और सदस्यों ने पूरे शांतिवन परिसर को दीपक से सजाया। यहां दीपक के प्रकाश से पूरा परिसर जगमगा उठा।

समिति सदस्यों ने बताया कि दीवंगतों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से पूरे परिसर सहित चिता जलाने वाले स्थल तक दीपक प्रज्जवलित किए गए। प्रतिवर्ष दीपावली के अवसर पर यहां दीप सज्जा की जाती है। शांतिवन के मुख्य गेट पर भी विद्युत सज्जा की गई। शांतिवन समिति अध्यक्ष रूपकिशोर नवाब, सदस्य तुलसीराम भावसार, संजय शर्मा, पलाश नवाब, शौकत भाई, सलीम भाई आदि उपस्थित रहे।

इंसानियत शर्मसार, हाट मैदान में कुत्तों द्वारा नोंचा जा रहा था नवजात का शव

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। नगर में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जब एक कुत्ता किसी नवजात का शव मुंह में दबाकर लाया और उसे नोच रहा था। जब लोगों ने यह नजारा देखा तो उनकी रूह कांप गई। जिन्होंने इस घटना पर आक्रोश व्यक्त किया।

नगर के महूपुरा इलाके में हाट मैदान के पास बने कब्रिस्तान से एक आवारा कुत्ता मुंह में नवजात शिशु पकड़कर ले जाता नजर आया। राहगीरों ने कुत्ते को पत्थर मारकर शव उसके मुंह से छुड़ाया। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और नवजात के शव को जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया। कोतवाली के सब इंस्पेक्टर राहुल पोरवाल ने बताया कि डायल 112 को सड़क किनारे नवजात का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या जिले में अवैध रूप से चल रहा गर्भपात का खेल

गर्भपात एक गंभीर अपराध है तो फिर आखिर किन-किन अस्पतालों या क्लिनिकों में इस तरह के गैर-कानूनी कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है। शनिवार को सामने आई इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है मामले की जांच में क्या निकलकर सामने आता है।

स्वास्थ्य | बीमारी से परेशान ग्रामीणों में बढ़ी चिंता, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

बुखार और जोड़ों के दर्द का प्रकोप, कई बीमार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। तहसील के ग्राम चापाखेड़ा में इन दिनों बुखार और जोड़ों के दर्द की समस्या तेजी से सामने आने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। गांव में कई दर्जन लोग बीमारी की चपेट में बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 8 से 10 दिनों से लगातार लोग बुखार और जोड़ों के दर्द से परेशान हैं। गांव में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है।

शनिवार को विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, जिसमें बीमार ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार शुरू किया गया। जानकारी लगने पर भाजपा नेता व जनपद सदस्य प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पटेल, भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया,लोकेश गुप्ता, प्रेम बैरागी, सरपंच गिरिराज बैरागी, पूर्व सरपंच पप्पू गुर्जर आदि के द्वारा ग्राम में पहुंचकर जहां ग्रामीणों से चर्चा की वही प्रभावित परिवारों के घर-घर पहुंचकर भी जानकारी जुटाई जा कर इस संबंध में अधिकारियों को अवगत करवाया ग्राम चापाखेड़ा में बीमारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शनिवार को गांव में घर-घर जाकर व शिविर लगाकर सर्वे किया जा रहा है। इस दौरान बुखार, जोड़ों के दर्द सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि किसी भी मरीज को उपचार से वंचित न रहना पड़े। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने और परेशानी बढ़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की समझाइश दी गई।



कारणों का पता लगने की प्रतीक्षा-

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांव में एक के बाद एक लोग बुखार और जोड़ों के दर्द की शिकायत कर रहे हैं। एक साथ कई लोगों के बीमार होने से ग्रामीणों में बीमारी को लेकर आशंका बनी हुई है, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों की जांच और उपचार की प्रक्रिया जारी रखी गई है। ग्रामीणों को अब जांच रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

स्वास्थ्य विभाग रख रहा नजर-

स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। बीमार लोगों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के साथ ग्रामीणों को जरूरी सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि समय पर जांच और उचित उपचार मिलने से जल्द ही स्थिति सामान्य होगी।

इनका कहना है -

ग्राम चापाखेड़ा से सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पहुंची जिनके द्वारा प्रभावितों की जांच कर उपचार किया गया तथा बल्ड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए है।

डॉ. विजय यादव
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर

मांडना सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम सिद्धि लुहाड़िया एवं उमा दूसरे स्थान पर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खण्डवा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जैन धर्म के 24 तीर्थंकर अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक, निर्वाण महोत्सव खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दीन 9 नवंबर सोमवार को प्रातः काल की बेला में मनाया जाएगा।


समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आस्था और कला के संगम हेतु मांडना प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान बताया गया कि दीपावली पर घर के अंदर और आंगन में गेरू एवं खडू से मंडाना बनाया जाता है, जो शुभ का संकेत है, मंदिर में भी समाज की 10 महिलाओं द्वारा प्रतियोगिता के माध्यम से समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़ियां,ममता राजेश कासलीवाल,एवं प्रीति अमर लोहाडिया के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता में डेढ़ बाय डेढ़ फीट का खडू और गेरू से अपनी कला और भक्ति से मंदिर परिसर में प्रियल बेनाडा, विजया रावका, बबीता लुहाडीया, अर्पिता रावका, गुलिशा छाबड़ा, शिल्पी गंगवाल,उमा गंगवाल, मेघा पहाड़िया, प्रणिका बड़जात्या ने प्रतियोगिता में भाग लेकर मांडने सजाये। समाज के सच्ची सुनील जैन ने बताया कि समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया की निर्णायक को द्वारा दीए गए निर्णय अनुसार मांडना सजाओ प्रतियोगिताप्रथम सिद्धि लुहाड़िया, द्वितीय उमा गंगवाल, तृतीय स्थान पर टीना छाबड़ा रही। सांत्वना पुरस्कार प्रियल बेनाड़ा,प्रणिका बडजात्या ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, संयोजक ममता कासलीवाल, प्रीति लोहाडिया ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।





















A Creation by Archit Arvind Dangi - Vision - Neeta Publicity - Neeta House Ratlam (M.P.) India 70004-72361, 94251-03025

शुभ दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं



इप्का रतलाम की शान

रतलाम मध्यप्रदेश में, मध्यप्रदेश सरकार के एक आयोजन में शिरकत करने मुंबई से पधारे **इप्का** लेबोरेटरीज़ लिमिटेड के एमडी **श्री ए के जैन साहब** के साथ, रतलाम **इप्का** के यूनिट हेड दिनेश सियाल जी, इप्का इंदौर यूनिट के, सी एस हिलाल जी, विक्रम कोठारी जी

रतलाम, मध्यप्रदेश यादगार पल...

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बालाजी ग्रुप
फूड फेस्टिवल
श्री बालाजी होटल एवं रेस्टोरेंट
पता- 38, न्यू रोड़ रतलाम



9977283316


सपना आपका प्रयास हमारा
खुश-खुश - आनंद-आनंद
Nimantran Group
दीपावली एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं
निमंत्रण बिल्डर्स
आपके लिए लाए हैं....
एक नया अंदाज़....
बंजली-सैलाना रोड पर
श्री सिद्धी विनायक सिटी
- सर्व सुविधायुक्त
- पूर्णतः वैध
- शासकीय स्वीकृतियों और रेरा से एप्रूव्ड है!



94251-95141, 95895-99996

दीपावली पर्व
की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई

सागौद रोड ब्रिज, रतलाम मध्यप्रदेश, रेलवे पुलिया पर जो बनाया जा रहा है- Pwd, ब्रिज SDO के निर्देश में, टीम के सहयोग से, कॉन्ट्रैक्टर की और से एक बेहतरीन वर्क की सौगात होगी। रतलाम की जनता को देखिये फोटोज-





रतलाम शहर में रतलाम से बाजना रोड पर रेलवे पुल क्रमांक 284 का चौड़ीकरण कार्य लगभग समाप्ति की ओर है। 23 करोड़ रुपये की लागत वाला यह ब्रिज 21 मीटर चौड़ा होकर फोर लेन ब्रिज है। यह बहु प्रतिक्षित ब्रिज रेलवे और लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग उज्जैन, **SDO** रतलाम द्वारा बनाया जा रहा है, कार्य दिसंबर 26 तक पूर्ण हो कर आवागमन के लिए खोले जाने की पूर्ण संभावना है।

सागौद रोड ब्रिज, रतलाम मध्यप्रदेश, रेलवे पुलिया पर जो बनाया जा रहा है- Pwd, ब्रिज SDO के निर्देश में, टीम के सहयोग से, कॉन्ट्रैक्टर की और से एक बेहतरीन वर्क की सौगात होगी। रतलाम की जनता को देखिये फोटोज-
वर्ल्ड क्लासिकल, मैगजीन, 9425103025

राज स्टोन मार्ट
रेती, गिट्टी, बालु रेती, वारिक बालु रेती, सीमेंट, डम्पर व ट्रेक्टर से थोक सप्लायर्स किया जाता है।
बालु रेती बड़े डम्पर टन से उपलब्ध है।



आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
आफताब बैलीम | 7898484769
दिलीप नगर, मस्जिद के सामने करमदी रोड, रतलाम







सांदीपनी विद्यालय रावटी, जिला रतलाम
जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत
एक सौगात
रावटी जिला-रतलाम मध्यप्रदेश में



दीपावली पर्व
की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई
एक हितेषी, कॉन्ट्रैक्टर-रतलाम

स्वाद ऐसा, माँ के हाथ जैसा
रतलाम की सुप्रसिद्ध
खिचड़ी वाला
FARIYALI HOUSE



सुबह 11 से रात्रि 11 बजे तक सदैव आपकी सेवा में...
दुकान - 9977744063
धानमण्डी, रतलाम
Swiggy | zomato

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
अटूट भरोसे की डोर
IS: 14872 CM/L 8400222 CERTIFIED COMPANY
आपके पम्प की 100% सुरक्षा की गारंटी



मुख्य विशेषताएं :
1. Apollo Rope सबसे उन्नत, मजबूत एवं लंबी चलने वाला रेशेयुक्त अवरश्विरहित के लिए तैयार किया गया।
2. Apollo Rope वॉटर सेट, कृषि उद्योग, एवं मोटर मार्केट के साथ सभी साइज में उपलब्ध है।
3. Apollo Rope तेज है, धूप पानी के बीच साल भर चलने की गारंटी।
4. Apollo Rope है तो सब्मर्सिबल की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं।

GOLD SACK PVT. LTD.
MANUFACTURER AND EXPORTER
Registered Office: 802, The View Tower, 8th Floor, Opp. Takshashila Palace Station, Yashwant Niwas Road, Indore – 452003 (M.P.)
Telefax: 0731-2534088 / 2534099 | Email: info@goldsackrope.com | Sales Mobile: 9329084888
Works: Indore, Pithampur

A Creation by Archit Arvind Dangi - Vision - Neeta Publicity - Neeta House Ratlam (M.P.) India 70004-72361, 94251-03025

दीपावली पर्व

की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई

21 पुलों का निर्माण कर रहा है उज्जैन मध्यप्रदेश में लोक निर्माण विभाग का (ब्रिज) सेतु विभाग

सिंहस्थ 2028 पर्व में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में होगी आसानी

फ्री गंज उज्जैन का ओवरब्रिज की कायाकल्प 90 साल बाद 91 करोड़ की लागत से बन रहा पुल, जून 2027 में पूर्ण होने की संभावना



उज्जैन। सिंहस्थ 2028 के पर्व में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में आसानी के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र 21 नए पुलों का निर्माण कर रहा है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण शहर का फ्रीगंज वाला रेलवे ओवर ब्रिज है। यह ब्रिज फोर लेन होकर नए और पुराने शहर को जोड़ता है, पुराना पुल लगभग 90 साल पुराना होने के कारण इस नए पुल की बहुत आवश्यकता है। 91 करोड़ रुपए की लागत वाला यह पुल का कार्य जून 27 में पूर्ण होने की संभावना है। इसी प्रकार मक्सी रोड स्थित सम पार क्रमांक 02, लालपुर नागझिरी सम पार क्रमांक 07 पर भी रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जा रहे हैं। शिप्रा नदी पर तपोभूमि, शनि मंदिर, प्रशांति धाम, एस आर 4, राघो पीपलिया, एम आर 24, वाकणकर, लालपुल, कर्कराज, नरसिंह घाट, छोटापुल, गोंसा, कॉमेड, ओखलेश्वर, गौ घाट, पिपलिनाका, अंगारेश्वर स्थान पर भी पुल बनाए जा रहे हैं। इन सभी पुलों से निश्चित ही सिंहस्थ 28 के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी और भीड़ नियंत्रण में प्रशासन को भी सहायता मिलेगी।

विशेष संवाददाता: वर्ल्ड क्लासिकल, मैगजीन, लोकल रीजनल स्टेट नेशनल इंटरनेशनल विजन न्यूज **service by Neeta publicity, india|** 9425103025

दीपावली पर्व



नवकार नमकीन

हमारे अन्य उत्पाद
1. मिक्सर नमकीन
2. बीकानेरी सेव
3. रतलामी सेव
4. लहसन सेव
5. खट्टामीठा मिक्सर
6. दालमोंठ

विपिन वाघेला
मो. 7999937201
MANUFACTRUED BY
NAVKAR NAMKEEN
200, GOSHALA ROAD,
RATLAM (M.P.)



यादें एक आयोजन की रतलाम मध्यप्रदेश में

चैतन्य काश्यप के अभिनन्दन समारोह में अनवर भाई

लुनिया परिवार द्वारा चैतन्य काश्यप का भव्य नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें अनवर भाई ने भाग लिया और इसी कार्यक्रम में चैतन्य काश्यप ने दोहराया था कि उनके जीवन के मुश्किल दौर में हिम्मत सेठ और अनवर भाई ने उनका साथ दिया था। जिसके लिए वे इन दोनों के आभारी रहेंगे।











अनवर भाई और हमारा पुराना साथ है- हिम्मत कोठारी

माणक चौक स्कूल में जनवर भाई और मोहन व्यास हम लोग साथ में पढ़ते थे। हमने साथ में सी.आर. का चुनाव लड़ा और हम जीते और हमने कैबिनेट बनाया था। यह कहना है वरिष्ठ भाजपा नेता और म.प्र. के पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी का। श्री कोठारी अपने और जनवर साहब के साथ पुराने दिनों की याद करते हुए बताते हैं कि अनवर भाई की माताजी हम सबसे बड़ा प्रेम रखती थीं, वे हमें याद करती थीं। हम सभी साथी अनवर भाई के घर पढ़ने जाते थे और साथ में भोजन भी करते थे। स्कूल खत्म होने के बाद हम साथ कॉलेज आ गए। यहां मैंने कला संकाय को चुना और अनवर भाई साइंस स्ट्रीम में चले गए। यहां न सिर्फ विषयों में बदलाव हुआ, बल्कि राजनीतिक विचारधारा के अलग-अलग मोर्चे पर हम थे। अनवर भाई कांग्रेस समर्थक विचारधारा वाले विद्यार्थी यूनियन में थे और मैं कांग्रेस विरोधी फ्रंट जनसंघ, समाजवादी पार्टी समर्थक विद्यार्थी मोर्चे में था। कॉलेज में हमने आमने-सामने चुनाव लड़वाए। लेकिन कभी भी किसी भी प्रकार की कटुअता नहीं आई और आज भी एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान बरकरार है। श्री कोठारी आगे बताते हैं कि हमने मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति बनाई और लगभग दो सालों तक आंदोलन चलाया, जिसमें मैं अध्यक्ष था और अनवर भाई महामंत्री थे। कॉलेज के बाद मुझे जनसंघ वालों ने अनवर भाई को कांग्रेस पकड़ लिया।

दो विधानसभा चुनावों में जनवर भाई और मैं आमने-सामने हुए। इन दोनों चुनावों में के परिणाम सब जानते हैं। उस समय राजनीति कार्यकर्ता केंद्रित थी और चुनाव कार्यकर्ताओं के बल पर लड़े जाते थे। मुझे याद उस समय चुनाव में आमसभा के बाद कार्यकर्ता शहर में रैली के रूप में निकल जाते थे और कई बार हमारी रैलियां आमने-सामने आ गई थीं, जिसमें कार्यकर्ता एक-दूसरे को देखकर जोश-खरोश के साथ नारेबाजी करते थे। लेकिन हमने कभी राजनीति का स्तर गिरने नहीं दिया। सभी नेता अपने कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर रैली पास करवा देते। कभी कोई तनाव भी हो जाता तो उसे बातचीत से हल करवा दिया जाता था।

अनवर भाई ने सदैव सद्भावना और सुचिता से राजनीति से की। मैं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और लम्बी उम्र की कामना करता हूं।

मेरे राजनैतिक जीवन की पहली सीढ़ी में अनवर भाई और हिम्मत सेठ ने विशेष सहयोग दिया, मुश्किल दौर में दोनों ने साथ दिया, इनका अहम योगदान है: चैतन्य काश्यप

बात साल 1974 की है। मैं बी.कॉम. फर्स्ट ईयर का छात्र था। उस साल होने वाले कॉलेज के चुनाव में मैंने सी.आर. के लिए फॉर्म विद्यार्थी परिषद से डाला था। तब विद्यार्थी यूनियन के नेता खुर्शीद अनवर साहब और विद्यार्थी मोर्चा के नेता हिम्मत कोठारी एक हो गए और इन्होंने मेरा फॉर्म निरस्त करवा दिया। मेरी राजनीति में पहली सीढ़ी अनवर भाई और हिम्मत ने एक होकर लगाई थी। लेकिन मैं आज यहां पर हूं, जो भी होता है अच्छे के लिए होता है। (यह बात चैतन्य काश्यप ठहाका मारकर हँसते हुए शब्द एक्सक्लूसिव से कहते हुए।) चैतन्य काश्यप आज प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री हैं और एक लोकप्रिय राजनेता हैं। पूरा शहर जानता है कि वे अनवर साहब और हिम्मत सेठ का सम्मान करते हैं। इसका एक उदाहरण है। जब लुनिया परिवार द्वारा काश्यप का भव्य सम्मान किया गया था तो उन्होंने अनवर साहब और हिम्मत सेठ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे मुश्किल समय में इन दोनों शख्सियतों ने मेरा साथ दिया था। काश्यप सही कहते हैं जो होता है वो अच्छे के लिए होता है। अगर काश्यप सी.आर. का चुनाव लड़ते और जीत जाते तो क्या वे आज इस मुकाम पर पहुँच पाते?

चैतन्य काश्यप अनवर भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं और उनकी लम्बी उम्र की कामना करते हैं।

राजस्थान की शान, स्वाद जो याद रहे हमेशा
व्यास दाल बाटी
राजस्थान का असली स्वाद
देसी घी की खुशबू, परंपरा का स्वाद !
हमारी विशेषताएँ
देसी घी में तैयार | पारंपरिक राजस्थानी स्वाद | शुद्धता और अपनापन | स्वस्थ और पौष्टिक
शुद्ध देसी घी का लाजवाब स्वाद
पता नेहरू जी की दुकान | नाहनपुरा, पंजाब साइकिल के पास रतलाम (म.प्र.)
ऑर्डर करें 9425365040 | घर और पार्टी के लिए ऑर्डर की सुविधा उपलब्ध
एक बार आएँ, बार-बार आएँ !

07412-223404
07412-223273
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
SD डांगी
SD डांगी
सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
कलात्मक राजस्थानी जेवर के विक्रेता
सुरेश डांगी 9827327410 | अमित डांगी 9837277477 | ईशान डांगी 6232979074
182, चांदनी चौक, चौमुखीपुल रोड़ रतलाम (म.प्र.) 457001

आपको और आपके परिवार को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!
यह दीपावली आपके जीवन में धन, सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए!
नवकार ज्वेलर्स
: सोना • चाँदी • हीरा :
गणेश सिल्वर मार्केट, चांदनी चौक, रतलाम
श्रेणिक ललवानी
कमलेश ललवानी
महावीर बुलियन टंच रतलाम
चांदी के टंच निकालने का विश्वसनीय स्थान
3-ए, गणेश कृपा सिल्वर मार्केट
33, चाँदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)
फोन-07412-238369, मो. 9893330423

दीपावली की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
रतलाम इण्डस्ट्रीयल एरिया की शान जिसका है अपने काम से देश-विदेश में नाम जिसने किया कोविड में जनसेवा का काम ऐसे नेक उद्योग परिवार के लिए अनंत शुभकामनाएं

जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मॉ लक्ष्मी की कृपा आप पर सदैव बनी रहे।
हमारी फर्म
सोनाड्डा इंटरप्राइजेज | श्री मारूति इंटरप्राइजेज | श्री तिरूपति इंटरप्राइजेज
एबीएस फूड एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड
विनीत
मांगीलाल प्रदीप कुमार मोदी
राज मोदी • दीप मोदी • श्रेयांश मोदी

ज्ञानार्जन लाइब्रेरी
जिला रतलाम
आपका अध्ययन हमारी प्राथमिकता
शांत वातावरण सफलता की पहली सीढ़ी है...
पढ़ाई | पढ़ाई | केरियर | सफलता
हमारी प्रमुख सुविधाएँ
फ्री WiFi | ऑनलाइन कक्षाओं के लिए कंप्यूटर सिस्टम | स्वच्छ, शांत एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण | अध्ययन के लिए सर्वोत्तम स्थान
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
लाइब्रेरी शुल्क
प्रति माह ₹240/-
6 माह के लिए ₹1350/-
वार्षिक सदस्यता पर 1 माह निशुल्क
ज्ञानार्जन लाइब्रेरी, जिला रतलाम
"पढ़ाई केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनने के लिए करें।"
पता: जनपद पंचायत पिपलौदा प्रांगण, पिपलौदा, जिला रतलाम मध्यप्रदेश

विशाल डांगी 9425944055
॥ श्री आदीनाथाय नमः ॥
कुशाग्र डांगी 8770031962
दीपावली की शुभकामनाएं
डांगी ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
लुणावत मार्केट के सामने, धनजीभाई का नोहरा कॉर्नर, चाँदनी चौक रतलाम (म.प्र.)
234321, 408686

ॐ माँ भगवती दूध भण्डार
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
शादी एवं पार्टी के ऑर्डर लिये जाते हैं
शुद्ध दूध, गाय का दूध, दही, छाछ, शुद्ध घी, मट्ठा (चक्का), श्रीखण्ड, लस्सी, रबड़ी, स्पेशल नमकीन छाछ
संचालक : ओमप्रकाश पाटीदार
162, हरदेवलाला की पीपली, रतलाम
फोन: 0712-2397666, मो.: 9753248452

स्वाद की दुनिया में एक खास नाम
दीपों का महापर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
होटल शिवजी
शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलने का विश्वसनीय स्थान
रेलवे स्टेशन रोड, रतलाम महेश भाई 9893027788

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
डी.एल. जैन | प्रशांत जैन
41 वर्षों से आपकी सेवा में...
हमारे यहां निम्न स्थानों से माल मंगवाने की सुविधा है–
मिलाप ट्रांसपोर्ट रोड़ लाइंस, दिल्ली 9350202824 9312660421
कमल फ्रंट करियर्स, जयपुर 0141-4914795 963000830
महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट सर्विस सूरत से रतलाम +919925662581
श्रीनाथ कागों प्रा.लि. गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा
अशोक रोड लाइन्स
07412-230677, 234977, 235677 (डिलीवरी ऑफिस)
ऑफिटूस - 9109205677, 9329656565 | गौडाउन - 9893334556, 9893238766
31, महू रोड़, रतलाम 457001

A Creation by Archit Arvind Dangi - Vision - Neeta Publicity - Neeta House Ratlam (M.P.) India 70004-72361, 94251-03025